# <u>प्रेस विज्ञप्ति दिनांक 06 सितम्बर 2024</u>

## (1) माननीय राज्यपाल ने "सशक्त सेना-समृद्ध भारत प्रदर्शनी" का उद्घाटन किया।

माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार द्वारा आज मोरहाबादी मैदान में आयोजित "Know Your Armed Forces Exhibition" (सशक्त सेना-समृद्ध भारत प्रदर्शनी) का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारतीय सेना का शौर्य, पराक्रम और अनुशासन अद्वितीय है। उन्होंने पूर्वी कमान को इसके आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा कि यह प्रदर्शनी न केवल हमारी सेना के अद्वितीय कौशल का प्रदर्शन है, बल्कि युवाओं के लिए अनुशासन और प्रेरणा का भी महत्वपूर्ण स्रोत है।

राज्यपाल महोदय ने कहा कि इस प्रदर्शनी में भारतीय सेना के तीनों अंग- थल सेना, वायु सेना और नौसेना का सहभागिता करना सराहनीय है। उन्होंने यह भी उल्लेख

किया कि प्रदर्शनी के माध्यम से लोगों को नवीनतम सैन्य उपकरण, हथियार और भारतीय सेना की बढ़ती ताकत को करीब से जानने का अवसर मिलेगा। यह 'आत्मनिर्भर भारत' के तहत हो रहे रक्षा क्षेत्र में देश की प्रगति का भी प्रतीक है। राज्यपाल महोदय ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में हमारा देश आज हथियार के मामले में आत्मनिर्भर है। हमारे देश द्वारा अत्याधुनिक हथियार व उपकरणों का निर्माण किया जा रहा है।

राज्यपाल महोदय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हम चैन की नींद इसलिए सो पाते हैं क्योंकि हमारे वीर जवान दिन-रात सरहदों की रक्षा करते हैं। उन्होंने देश के उन सभी वीर सैनिकों के प्रति कृतज्ञता अर्पित की जिन्होंने अपने साहस और बलिदान से देश की सुरक्षा में अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया।

राज्यपाल महोदय ने सेना के जवानों, अधिकारियों और उनके परिवारों के त्याग और समर्पण के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि उनका अनुकरणीय योगदान

देश को सशक्त और सुरक्षित बनाए रखता है। उन्होंने इस प्रदर्शनी को युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बताते हुए कहा कि यह प्रदर्शनी सेना में सेवा करने की भावना को जागृत करेगी और देशभक्ति तथा अनुशासन की भावना को और मजबूत करेगी। इस अवसर पर राज्यपाल महोदय ने सभी प्रतिभागियों और आयोजन से जुड़े सभी अधिकारियों को शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम के दौरान कई सेना द्वारा प्रदर्शित साहसिक गतिविधियाँ और मोटर साइकिल डेयर डेविल्स शो ने दर्शकों का मन मोह लिया।

उक्त अवसर पर माननीय केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री श्री संजय सेठ, लेफ्टिनेंट जनरल राम चन्द्र तिवारी जी, जीओसी-इन-सी, ईस्टर्न कमांड, लेफ्टिनेंट जनरल राजीव पुरी, जीओसी, ब्रह्मास्त्र कोर, मेजर जनरल परमवीर सिंह डागर, जीओसी, कॉकरेल डिवीजन समेत सेना के कई वरीय पदाधिकारीगण व सैन्य कर्मीगण तथा उनके परिवार के सदस्य, गणमान्य अतिथिगण एवं स्कूली बच्चे उपस्थित थे।